लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश

गौतम नगर ,भोपाल–462021,दूरभाष 0755–2581064

क्रमांक / अकादमिक / अर्द्धवार्षिक परीक्षा / 105 / 2023–24 / 3148 भोपाल, दिनांक 20/11/23

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिले, म.प्र.

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2023–24 की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र निर्माण एवं परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश जारी करने विषयक।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / अकादमिक / अर्द्धवार्षिक परीक्षा / 105 / 2023–24 / 3131–3132 भोपाल, दिनांक 14.11.2023

–0–

संदर्भित पत्र से शैक्षणिक सत्र 2023–2024 की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की समय– सारणी जारी की गई है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र निर्माण एवं वितरण सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं –

1. राज्य स्तर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा हेतु माध्यम वार प्रश्नपत्रों के 2–2 सेट संलग्न परिशिष्ट–1 अनुसार विमर्श पोर्टल पर दिनांक 01.12.2023 को जिला शिक्षाधिकारी लॉग इन पर उपलब्ध कराये जाएंगे।
2. जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिला के दो प्राचार्यों की समिति बनाकर आवश्यकता अनुसार शेष विषयों के प्रश्नपत्रों के माध्यमवार 2–2 सेट योग्य शिक्षकों से तैयार कराएं व मॉडरेट कराएं। नवीन व्यावसायिक शिक्षा के प्रश्नपत्रों का निर्माण भी जिला स्तर से किया जाए। प्रश्नपत्र 2023–24 के शैक्षणिक केलेण्डर के अनुसार नवम्बर माह तक के पाठ्यक्रम एवं मा.शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर तैयार कराए जाएं।
3. जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले के विद्यालयों की संख्या के मान से आधे विद्यालयों हेतु सेट A एवं आधे विद्यालयों हेतु सेट B वितरित करेंगे। परीक्षा दिनांक के एक दिन पूर्व प्रश्नपत्र के सेट का रेण्डम चयन करते हुए विभिन्न विद्यालयों को बोर्ड द्वारा आबंटित कोड का प्रश्नपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर वाटर मार्क / सील का प्रयोग करते हुए प्रश्नपत्रों के सील्ड लिफाफा तैयार कर प्राचार्यो को सौंपेंगे। प्रश्नपत्रों के प्रिंट में आने वाला व्यय प्राचार्यो से ले सकेंगे।
4. विद्यालयों के प्राचार्य, प्राप्त प्रश्नपत्रों के एक सेट से अपने विद्यालय की कक्षावार छात्र संख्या के अनुरूप प्रश्नपत्र परीक्षा पूर्व पर्याप्त मात्रा में फोटो कॉपी कराएं।
5. प्रत्येक प्राचार्य परीक्षा संचालन की पूर्ण गोपनीयता हेतु प्रश्नपत्रों की फोटोकापी कराने हेतु एक शिक्षक अधिकृत करें, जो फोटोकापी कराते समय संबंधित दुकान पर उपस्थित रहे ताकि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनी रहे। फोटोकापी मशीन संचालक को प्रश्नपत्र की प्रति स्कैन कर कम्प्यूटर में सेव करने की अनुमति न दी जाए।
6. परीक्षा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा प्रथक से स्थानीय स्तर पर सत्र 2023–24 के शैक्षणिक केलेण्डर के अनुसार नवम्बर माह तक के

क्रमशः

पाठ्यक्रम एवं मा.शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार कर आयोजित की जाए।

7. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषय शिक्षक से कराकर **दिनांक 22.12.2023 को पालक–शिक्षक संघ की बैठक** आयोजित कर उत्तरपुस्तिकाएं पालकों एवं विद्यार्थियों को दिखाई जाएं। विद्यार्थियों को उनकी गलतियां बताकर उनकी शंकाओं का समाधान किया जाए। इस दिवस जिला शिक्षा अधिकारी टीम गठित कर अपने जिले की न्यूनतम 10% शालाओं का अवलोकन अनिवार्य रुप से करेंगे। अपरिहार्य स्थिति में प्राचार्य जिला शिक्षाधिकारी को सूचित कर बैठक तिथि में परिवर्तन कर सकेंगे।
8. अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के परिणाम दिनांक 30.12.2023 तक विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉग इन से प्रविष्ट किये जाएं।

संलग्नः– परिशिष्ट–1

(अनुभा श्रीवास्तव) 20/11/23
आयुक्त
लोक शिक्षण म0 प्र0

क्रमांक/अकादमिक/ अर्द्धवार्षिक परीक्षा/105/2023–24/3149 भोपाल, दिनांक 20/11/23

प्रतिलिपिः
1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, म.प्र.।
3. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त जिला उत्कृष्ट विद्यालय म.प्र.की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त 20/11/23
लोक शिक्षण म0 प्र0

परिशिष्ट–1

<table>
<tr><th colspan="4">अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023–24 कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची</th></tr>
<tr><th rowspan="2">स.क्र</th><th rowspan="2">विषय</th><th colspan="2">माध्यम</th></tr>
<tr><th>हिन्दी</th><th>अंग्रेजी</th></tr>
<tr><td>1</td><td>हिन्दी</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अंग्रेजी</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>3</td><td>संस्कृत</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>4</td><td>गणित</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>5</td><td>विज्ञान</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>6</td><td>सामाजिक विज्ञान</td><td>√</td><td>√</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="4">अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023–24 कक्षा 11वीं एवं 12वीं हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची</th></tr>
<tr><th rowspan="2">स.क्र</th><th rowspan="2">विषय</th><th colspan="2">माध्यम</th></tr>
<tr><th>हिन्दी</th><th>अंग्रेजी</th></tr>
<tr><td>1</td><td>हिन्दी</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अंग्रेजी</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>3</td><td>संस्कृत</td><td colspan="2">√</td></tr>
<tr><td>4</td><td>भौतिक शास्त्र</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>5</td><td>रसायन शास्त्र</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>6</td><td>गणित</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>7</td><td>जीव विज्ञान</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>8</td><td>राजनीति विज्ञान</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>9</td><td>इतिहास</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>10</td><td>अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह)</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>11</td><td>भूगोल</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>12</td><td>लेखाशास्त्र (Accountancy)</td><td>√</td><td>√</td></tr>
<tr><td>13</td><td>व्यवसाय अध्ययन</td><td>√</td><td>√</td></tr>
</table>

(अनुभा श्रीवास्तव)
आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय, म0प्र0